भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 578
(06 फरवरी, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)

गुजरात में पीएमएवाई के अंतर्गत स्वीकृत आवास

578. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत विशेष रूप से गुजरात के दाहोद , पंचमहल और महिसागर जिलों में स्वीकृत आवासों की कुल संख्या कितनी है;
(ख) उक्त जिलों में उपलब्ध कराये जाने वाले लक्षित आवासों की संख्या कितनी है;
(ग) क्या योजना के अंतर्गत शेष पात्र गरीब परिवारों को भी आवास उपलब्ध कराने हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) और (ख): ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों में ''सभी के लिए आवास'' के उद्देश्य की पूर्ति के लिए 01 अप्रैल, 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (**पीएमएवाई-जी**) का कार्यान्वयन कर रहा है ताकि पात्र ग्रामीण परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त 2.95 करोड़ पक्के मकानों के निर्माण के समग्र लक्ष्य के लिए सहायता प्रदान की जा सके। लाभर्थियों का निर्धारण सामाजिक-आर्थिक जातिगत जनगणना (एसईसीसी) – 2011 में निर्धारित आवास वंचन मानकों और अंतिम रुप से आवास+ (2018) सर्वेक्षण सूची के अधार पर किया जाता है। दिनांक 31.03.2024 तक पीएमएवाई-जी के तहत कुल 2.95 करोड़ मकानों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसके सापेक्ष राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने 2.94 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मकानों की मंजूरी दे दी है और 2.55 करोड़ मकानों का निर्माण पूरा हो चुका हैं। दिनांक 01.02.2024 की स्थिति के अनुसार गुजरात राज्य के दाहोद , पंचमहल और महिसागर जिलों में पीएमएवाई-जी के तहत आवंटित लक्ष्य, स्वीकृत और निर्मित मकान का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया हैं।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाओं के साथ सभी मौसमों में पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए दिनांक 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी (**पीएमएवाई-यू**) का कार्यान्वयन कर रहा है। योजना दिशानिर्देशों के अनुसार पात्रता मानदंडों के आधार पर योजना को चार घटक यानी लाभार्थी

आधारित निर्माण (बीएलसी) , साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी) , इन-सीटू स्लम पुनर्विकास (आईएसएसआर) और क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। अब तक , ₹2.0 लाख करोड़ की केंद्रीय सहायता के साथ 118.63 लाख (1.19 करोड़) मकानों को मंजूरी दी गई है। स्वीकृत मकानों में से , कुल 114 लाख (1.14 करोड़) मकानों का निर्माण शुरू हो चुका है , जिनमें से 80.02 लाख मकानों का निर्माण पूरा हो चुका है/निर्मित किए जा चुके हैं। गुजरात राज्य के दाहोद , पंचमहल और महिसागर जिलों में दिनांक 01.02.2024 तक पीएमएवाई-यू के तहत स्वीकृत , निर्माण शुरु किए गए और निर्मित/वितरित किए गए मकानों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिए गए हैं।

(ग) और (घ): पीएमएवाई-जी के तहत दिनांक 01.02.2024 की स्थिति के अनुसार 2.95 करोड़ मकानों में से 2.94 करोड़ से अधिक मकान स्वीकृत किए जा चुके हैं और 2.55 करोड़ मकनों का निर्माण पूरा हो चुका है। वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में, यह घोषणा की गई है कि पीएमएवाई-जी के तहत अगले 5 वर्षों में 2.95 करोड़ के लक्ष्य से अधिक 2 करोड़ मकान बनाने का प्रस्ताव रखा गया है।

पीएमएवाई-यू: 'भूमि' और 'कालोनी बनाना' राज्य के विषय हैं। इसलिए , संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों प्रदेशों को अपनी आबादी की आवास आवश्यकताओं का समाधान करना होगा। हालाँकि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, 'सभी के लिए आवास' के दृष्टिकोण के तहत, शहरी क्षेत्रों में दिनांक 25.06.2015 से सभी पात्र परिवारों/लाभार्थियों के मकानों के निर्माण हेतु प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों को पूरा कर रहा है।

इस योजना के तहत स्वीकृत मकानों को पूरा करने के लिए सीएलएसएस को छोड़कर पीएमएवाई-यू के सभी घटको को 31 दिसंबर 2024 तक जारी रखने की मंजूरी दी गई है।

*****

अनुबंध

"गुजरात में पीएमएवाई के अंतर्गत स्वीकृत मकान" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 06.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 578 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

पीएमएवाई-जी: दिनांक 01.02.2024 की स्थिति के अनुसार गुजरात राज्य के दाहोद , पंचमहल और महिसागर जिलों में पीएमएवाई-जी के तहत आवंटित लक्ष्य , स्वीकृत और निर्मित मकानों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(संख्या ईकाई में)

क्र.स.	जिलों का नाम	आंवटित लक्ष्य	स्वीकृत मकान	निर्मित मकान
1	दाहोद	1,07,913	1,07,913	1,05,897
2	पंचमहल	89,176	89,134	83,001
3	महिसागर	23,836	23,836	19,418

पीएमएवाई-यू: दिनांक 01.02.2024 की स्थिति के अनुसार गुजरात राज्य के दाहोद , पंचमहल और महिसागर जिलों में पीएमएवाई-यू के तहत स्वीकृत , शुरु किए और निर्मित/वितरित किए गए मकान का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(संख्या ईकाई में)

क्र.स.	जिलों का नाम	स्वीकृत मकान	जिन मकानों का निर्माण शुरु किया गया	निर्मित मकान
1	दाहोद	4,866	4,800	4,189
2	पंचमहल	8,060	8,015	7,672
3	महिसागर	2,853	2,807	2,461

*****